संपादकीय

# कदम सिर्फ दिखावटी ना हो

सहारा ग्रुप में निवेशकों के करीब 30,000 करोड़ रुपये फंसे हुए हैं। अभी 5,000 करोड़ लौटाने की व्यवस्था हुई है। अगर यह सिर्फ शुरुआत है, तो इसका स्वागत किया जाएगा। यह सुनिश्चित करना होगा कि यह योजना भी सिर्फ हेडलाइन बटोरने तक सीमित ना रह जाए।

भारत सरकार की यह पहल सही दिशा में है। सरकार ने सहारा समूह की चार सहकारी समितियों में निवेश करने वालों के पैसों को लौटाने के लिए एक नई सेवा शुरू की है। निवेशकों के करीब 30,000 करोड़ रुपये फंसे हुए हैं। अभी 5,000 करोड़ लौटाने की व्यवस्था हुई है। अगर यह सिर्फ शुरुआत है, तो इसका स्वागत किया जाएगा। यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि यह योजना भी सिर्फ हेडलाइन बटोरने तक सीमित ना रह जाए। सहारा समूह में निवेश करने वाले हजारों लोग पहले ही आशा और निराशा में काफी डूब उतरा चुके हैं। अब उन्हें वास्तविक राहत देने की जरूरत है। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इस हफ्ते इस अभियान के लिए एक पोर्टल की शुरुआत की है। सरकार का कहना है कि 'सीआरसीएस-सहारा रिफंड पोर्टल' के जरिए उन करोड़ों निवेशकों को उनके पैसे वापस दिलाने की कोशिश की जाएगी जिनके पैसे सहारा समूह में हुए घोटाले के उजागर होने के बाद से फंस हुए हैं। रिफंड पाने के लिए निवेशकों को इस पोर्टल पर जा कर अपने निवेश की, जिस बैंक खाते में रिफंड चाहिए उस खाते की और अपने आधार नंबर की जानकारी देनी होगी।

यह सुनिश्चित करना होगा कि बैंक खाता और मोबाइल नंबर दोनों आधार से जुड़े हुए हों। ये तमाम शर्तें ठीक हैं। मगर असल सवाल है कि सभी निवेशकों के पूरे पैसे को लौटाने की व्यवस्था के बारे में सरकार की पूरी योजना क्या है? इस बारे में सबको भरोसे में लिया जाना चाहिए। वरना, यह एक प्रतीकात्मक कदम बनकर रह जाएगा। यह सुनिश्चत करना होगा कि लोग इस पहल को अगले आम चुनाव से पहले जन भावना को अपने पक्ष में करने की कोशिश ना मानने लगें। खुद अमित शाह ने बताया है कि सहारा समूह की चार समितियों- सहारा क्रेडिट, सहारायान यूनिवर्सल, हमारा इंडिया क्रेडिट और स्टार्स मल्टीपर्पस सहकारी समिति- में करीब 1.78करोड़ लोगों के लगभग 30,000 करोड़ रुपये फंसे हुए हैं। लेकिन सारी रकम लौटाने के रास्ते में सुप्रीम कोर्ट का आदेश एक रुकावट है। ऐसे में बेहतर होता केंद्र पहले ऐसी रुकावटों को हटवाने के प्रयास में अपनी ताकत झोंकता।

# एडटेक फर्म ने 1.2 अरब डॉलर के लोन की शर्तों में बदलाव के लिए किया समझौता

**बैजूस के लिए राहत!**




**नईदिल्ली।** बैजूस के लिए एक बार फिर राहत की खबर आई है। बैजूस ने अपने 1.2 अरब डॉलर के टर्म बी लोन पर दोबारा काम करने के लिए कर्जदाताओं के साथ समझौता कर लिया है। ऐसा तब हुआ है जब एडटेक कंपनी को रीपेमेंट करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और वह इसके लिए मुकदमा तक लड़ रही है।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के हवाले से मामले की जानकारी रखने वाले विशेषज्ञों के मुताबिक, इस साल की शुरुआत में कंपनी के संकट में पडऩे के बाद बैजूस के कर्जदाताओं का एक समूह 1.2 अरब डॉलर के लोन की शर्तों को बदलने के लिए भारतीय शिक्षा-प्रौद्योगिकी (एडटेक) स्टार्टअप के साथ काम कर रहा है।टर्म लोन पर कर्जदाताओं की एक संचालन समिति और बैजूस ने 3 अगस्त से पहले एक हस्ताक्षरित समझौते पर सहमति व्यक्त की है। पहचान न बताने की शर्त पर कुछ लोगों ने ब्लूमबर्ग को बताया कि बातचीत अभी भी जारी है और स्थिति बदल सकती है।

टर्म लोन बी लंबी अवधि के फाइनैंस के लिए लिया जाता है और इसके बदले कर्ज लेने वाली कंपनी या फर्म कर्जदाताओं को ब्याज भुगतान करती रहती है और मूल राशि यानी प्रिंसिपल अमाउंट का पेमेंट निश्चित अवधि के अंत में किया जाता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, यदि लोन की शर्तों पर सफलतापूर्वक काम किया जाता है, तो लेनदारों से तुरंत रीपेमेंट की मांग ड्रॉप करने की उम्मीद की जाती है। बैजूस के खिलाफ चल रहे मामले भी हटाए जाने की संभावना है।

इससे कंपनी को राहत मिल सकती है जो पिछले साल से पैसा जुटाने के लिए संघर्ष कर रही है। 6 जून को, बैजूस अपने टीएलबी लेनदारों को 4 करोड़ डॉलर का ब्याज भुगतान करने से चूक गई थी। बाद में, इसने न्यूयॉर्क में 'त्वरित पुनर्भुगतान' की उनकी मांग के खिलाफ मुकदमा दायर कर दिया।

# गोल्फ मेजर में शीर्ष 10 में स्थान हासिल करने वाले तीसरे भारतीय बने शुभंकर शर्मा



**लंदन ।** शुभंकर शर्मा 151 साल पुराने ब्रिटिश ओपन में पहले गोल्फ मेजर में शीर्ष 10 में जगह बनाने वाले इतिहास में तीसरे भारतीय गोल्फर बन गए। तूफानी और गीले मौसम में अपना चौथा और अंतिम राउंड खेल रहे शर्मा ने एक अंडर के स्कोर के साथ अपना काम पूरा किया और 8वें स्थान पर रहे। इस वर्ष रॉयल लिवरपूल गोल्फ क्लब में रोटेशन द्वारा खेले गए टूर्नामेंट के लिए उनका कुल स्कोर 279 था।

उन्होंने पहले राउंड में शानदार तीन अंडर का स्कोर हासिल किया। उनका चौथे राउंड का स्कोर एक अंडर 70 था, जैसा कि तीसरे राउंड में था।

प्रतियोगिता में वह कुल मिलाकर पांच अंडर का था। ब्रिटिश ओपन के अलावा, गोल्फ में प्रमुख यूएस ओपन, यूएस मास्टर्स और यूएस पीजीए चैम्पियनशिप हैं।

भारतीय गोल्फरों में पिछले दो शीर्ष 10 फिनिशर जीव मिल्खा सिंह और अनिर्बान लाहिड़ी हैं। दोनों ने यूएस पीजीए चैंपियनशिप में गौरव हासिल किया; पहला 2008 में और दूसरा 2015 में। सिंह संयुक्त 9वें स्थान पर रहे, जबकि लाहिड़ी संयुक्त 5वें स्थान पर रहे। ब्रिटिश ओपन अमेरिका के बाएं हाथ के ब्रायन हरमन ने जीता।

# सात्विक-चिराग ने जीता कोरिया ओपन का खिताब, फाइनल में विश्व नंबर एक जोड़ी को हराया

**येओसु ।** एशियाई चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने विश्व नंबर एक इंडोनेशियाई जोड़ी फजर अल्फियान और मुहम्मद रियान अर्दियांतो को तीन गेम के रोमांचक फाइनल में 17-21, 21-13, 21-14 से हराकर कोरिया ओपन में पुरुष युगल खिताब जीत लिया।

थाईलैंड ओपन 2019 और इंडिया ओपन 2022 के बाद यह सात्विक और चिराग के करियर का अब तक का तीसरा सुपर 500 खिताब है। यह 2023 में उनका तीसरा बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब है, इससे पहले उन्होंने इस साल की शुरुआत में स्विस ओपन 2023 (सुपर 300) और इंडोनेशिया ओपन 2023 (सुपर 1000) जीता था।

स्टार भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने इससे पहले शनिवार को सेमीफाइनल में चीन के लियांग वी केंग/वांग चांग को 21-15, 24-22 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था।

# साइबरट्रक की 19 लाख लोगों ने की बुकिंग, लॉन्च से पहले 5 साल पहुंचा वेटिंग टाइम



**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी टेस्ला जल्द ही अपना पहला इलेक्ट्रिक पिकअप साइबरट्रक लॉन्च करने के लिए तैयार है. इसकी बुकिंग 2019 से ही शुरू हो गयी थी. लॉन्च से पहले ही इस ट्रक की 19 लाख यूनिट्स बुक हो चुकी हैं. ऐसे में अब इसकी बुकिंग 5 साल तक के लिए वेटिंग में चल गयी हैं.

दरअसल इलेक्ट्रिक पिकअप साइबरट्रक की बुकिंग 2019 में शुरु की गयी थी. इसके बाद पिछले हफ्ते इसका उत्पादन शुरु किया जा चुका हैं. वर्तमान में कंपनी हर साल इस ट्रक की 3.75 लाख यूनिट्स का उत्पादन कर सकती है. इस हिसाब से नए मॉडल की डिलीवरी के लिए 5 साल से अधिक इतंजार करना पड़ेगा. ऐसे में अब उम्मीद जतायी जा रही हैं. कि कंपनी इसे साल के अंत तक लॉन्च कर सकती हैं.

टेस्ला साइबरट्रक के बॉडी पैनल को 'कोल्ड-रोल्ड' स्टेनलेस स्टील से बनाया गया है. कुछ समय पहले एलन मस्क को भी यह ट्रक चलाते स्पॉट किया गया था. इसमें कंपनी के बुलेटप्रूफ ग्लास, फ्रंट में सिंगल-बार फुल-चौड़ाई वाली एलईडी हेडलाइट, क्लोज्ड ग्रिल, ढलान वाली विंडस्क्रीन और नीचे पूरी बॉडी पर ब्लैक क्लैडिंग का उपयोग किया गया है. जबकि इसमें कंपनी के बुलेटप्रूफ ग्लास, फ्रंट में सिंगल-बार फुल-चौड़ाई वाली एलईडी हेडलाइट, क्लोज्ड ग्रिल, ढलान वाली विंडस्क्रीन और नीचे पूरी बॉडी पर ब्लैक क्लैडिंग का उपयोग किया गया हैं.

वहीं अगर सुर्खियों में बने साइबरट्रक की कीमत की बात करें तो करीब 32.51 लाख रुपये के आस-पास होगी. हालांकि अभी तक इसको लेकर कंपनी की तरफ से कोई आधिकारिक खुलासा नहीं किया गया हैं. साइबरट्रक को साल के अंत में लॉन्च किया जा सकता हैं.

# अब नीली चिड़िया नहीं, एक्स होगा ट्विटर का नया लोगो




**नईदिल्ली।** सोशल मीडिया मंच 'ट्विटर' अब अपने 'लोगो' के लिए प्रसिद्ध नीली चिड़िया की जगह अंग्रेजी के 'एक्स' अक्षर का इस्तेमाल करेगा। उद्योगपति एलन मस्क ने यह जानकारी दी।मस्क ने पिछले साल 44 अरब डॉलर में ट्विटर को खरीदा था। उसके बाद उन्होंने साइट में कई बदलाव किए हैं। मस्क ने रविवार देर रात ट्वीट करके बताया कि वह लोगो में बदलाव सोमवार को ही करना चाहते हैं।

मस्क ने लिखा, और जल्द ही हम ट्विटर ब्रांड और सभी चिड़ियां को अलविदा कह देंगे। विपणन सलाहकार कंपनी 'मेटाफोर्स' के सह-संस्थापक एलन एडम्सन ने कहा कि 'एक्स' से जुड़े मस्क के पुराने इतिहास को देखते हुए यह बदलाव आश्चर्यजनक नहीं है।

टेस्ला के अरबपति मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मस्क ने पिछले साल अक्टूबर में ट्वीट किया था, ट्विटर को खरीदना सभी सेवाएं मुहैया कराने वाली 'एक्स' ऐप की दिशा में उठाया गया कदम है। मस्क की रॉकेट कंपनी 'स्पेस एक्सप्लोरेशन टेक्नोलॉजीज कॉर्प' को आमतौर पर 'स्पेसएक्स' के नाम से जाना जाता है। उन्होंने 1999 में 'एक्स डॉट कॉम' नामक एक स्टार्टअप की स्थापना की थी, जो एक ऑनलाइन वित्तीय सेवा कंपनी है। इसे अब पेपाल के नाम से जाना जाता है।

# शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया तीन पैसे की गिरावट साथ 82.01 पर पहुंचा

**मुंबई।** कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट के चलते रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले एक सीमित दायरे में कारोबार कर रहा था।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि निवेशक इस सप्ताह होने वाली एफओएमसी बैठक और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फैसले का इंतजार कर रहे हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 82.00 पर खुला और बाद में 82.01 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद के मुकाबले तीन पैसे की गिरावट दर्शाता है।

# पुरुष ट्रैप टीम ने जीता जूनियर विश्व शूटिंग चैंपियनशिप में रजत पदक




**नई दिल्ली।** बख्तियारुद्दीन मालेक, शार्दुल विहान और आर्य वंश त्यागी की भारतीय पुरुष ट्रैप टीम ने कोरिया के चांगवोन में इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) विश्व जूनियर चैम्पियनशिप के अंतिम से पहले वाले दिन रजत पदक जीता।

तीनों ने संयुक्त रूप से 346 का स्कोर किया और शॉटगन पावरहाउस इटली ने कुल 356 के साथ स्वर्ण पदक जीता, जिससे चैंपियनशिप में भारत का अब तक का 15वां पदक हासिल हुआ।

इससे पहले कोई भी भारतीय पुरुष ट्रैप निशानेबाज़ फ़ाइनल में जगह नहीं बना सका था, हालांकि, महिला ट्रैप में आशिमा अहलावत ने शीर्ष छह में जगह बनाई थी, लेकिन फ़ाइनल में भी उसी नंबर पर रही।

आशिमा ने चलिफिकेशन में 109 का स्कोर किया और फिर छह-तरफा शूट-ऑफ में तीन अंतिम स्थानों में से एक हासिल किया। टीम की साथी प्रीति रजक उस शूट-ऑफ में बाहर होने वाली पहली खिलाड़ी थीं। प्रीति, भाव्या और आद्या त्रिपाठी की तिकड़ी भी टीम प्रतियोगिता में कुल 312 अंक के साथ टीम कांस्य पदक से चूक गई, जबकि चीन 314 के साथ आगे रहा। यूएसए और इटली ने क्रमश: स्वर्ण और रजत जीता।

पदक तालिका में, भारत के पास 14 पदक (चार स्वर्ण, पांच रजत और पांच कांस्य) हैं और वह चीन के बाद दूसरे स्थान पर है, जिसके पास 12 स्वर्ण, नौ रजत और पांच कांस्य के साथ 26 पदक हैं।

# ड्रीम गर्ल 2 का नया पोस्टर आया सामने, आयुष्मान खुराना ने अपने अनोखे अवतार से जीता दिल



ड्रीम गर्ल 2 की एक झलक भर पाने के लिए लोगों का उत्साह तेज होता जा रहा है और ऐसा हो भी क्यों न आखिर ड्रीम गर्ल पूजा के दीवानों की लिस्ट इंडस्ट्री के सभी बड़े सुपरस्टार्स से भरी जो पड़ी है, जिसमें लेटेस्ट एंट्री रॉकी की हुई है। हालांकि ड्रीम गर्ल की प्रेम कहानी की हालिया झलक में भी जब उनके सुंदर मुखड़े का दीदार नही हुआ, तो लोगों की बेकरारी का लेवल और बढ़ गया। पर अब लगता है कि ड्रीम गर्ल की झलक देखने का ड्रीम पूरा होने को आया है फिल्म के एक नए और दिलचस्प पोस्टर के साथ।

ये पोस्टर पहले से ही सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। इसमें आयुष्मान खुराना को एक आकर्षक नए अवतार में दिखाया गया है। वाइब्रेंट पर्दे के पीछे से बाहर निकलते ही दर्शकों को केवल उनका चेहरा ही दिखाई देता है। जो चीज़ वास्तव में हर किसी का ध्यान खींचती है वह है आयुष्मान के किरदार पूजा का उल्लेखनीय ट्रांसफॉर्मेशन, जो फेमिनिन लुक में कमाल लगती है, जिससे फैन्स को अगली कड़ी की कहानी की दिशा के बारे में उत्सुकता होती है। करम के रूप में पूजा की परछाई पर्दे से झांकती है जो लोगों को खिलखिलाने और हंसाने का काम करती है।

# सूर्या के जन्मदिन पर जारी हुई कंगुवा की पहली झलक, दिशा पाटनी संग नजर आएंगे अभिनेता



दक्षिण भारतीय सिनेमा के मेगास्टार सूर्या पिछले काफी समय से अपनी फिल्म कंगुवा को लेकर सुर्खियों में हैं, जिसकी आज पहली झलक सामने आ गई है। मेकर्स ने अभिनेता के जन्मदिन के मौके पर इस बहुप्रतीक्षित फिल्म की पहली झलक साझा कर प्रशंसकों को तोहफा दिया है। शिवा के निर्देशन में बन रही इस फिल्म के टीजर में अभिनेता एकदम अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं, जिसे देख हर कोई उनका मुरीद हो गया है।

सूर्या ने ट्विटर पर कंगुवा की झलक साझा करते हुए अलग-अलग भाषा में लिखा, क्या बात है। करीब 2 मिनट के वीडियो में जंगल की अंधेरी रात के बीच शक्तिशाली आदिवासी नेता कांगुवा दुश्मन के खिलाफ युद्ध छेडक़र अपना क्रोध प्रकट करते हुए नजर आ रहे हैं।

## आज का राशिफल

***मेष:*** गणेशजी कहते हैं कि आज रोमांस कार्ड पर है। आपका पार्टनर आपके साथ कुछ क्वालिटी टाइम बिताने के मूड में होगा। छुट्टियों की योजना बनाने और आराम महसूस करने का यह सही समय है।

***वृषभ:*** गणेशजी कहते हैं कि आप अपना सारा काम निपटाने की जल्दी में होंगे ताकि आप अपने प्रियजन से मिल सकें। एक कप कॉफ़ी और आपके और आपके साथी के बीच कुछ दिल को छू लेने वाली बातचीत आपका दिन बना देगी।

***मिथुन:*** गणेशजी कहते हैं कि आप अपने जीवनसाथी के साथ उनके पेशेवर जीवन को लेकर कुछ लंबी चर्चा कर सकते हैं। आपका साथी आपके समर्पित समय की तलाश में है, इसलिए उनकी बात सुनें और इस मामले में अपनी सलाह दें।

***कर्क:*** गणेशजी कहते हैं कि आपका बंटा हुआ ध्यान आपके प्रेम जीवन में समस्याएँ पैदा कर सकता है। अपने साथी को अपनी बात समझाने के लिए मृदुभाषी बनने का प्रयास करें और शब्दों का सही प्रयोग करें।

***सिंह:*** गणेशजी कहते हैं कि आज का दिन आपके परिवार और दोस्तों के नाम है। ऐसा देखा जा रहा है कि, आप अपने प्रेम जीवन को अच्छा कर देंगे और अपने प्रियजनों के साथ अपने दिन का आनंद लेंगे।

***कन्या:*** गणेशजी कहते हैं कि आज आप कुछ अप्रत्याशित करके अपने प्रियजन को आश्चर्यचकित करने के मूड में हैं। मीठे उपहारों का आदान-प्रदान होगा जो आप दोनों को विशेष महसूस कराएगा।

***तुला:*** गणेशजी कहते हैं कि आज आप अपने प्रिय के साथ अच्छा समय बिताएंगे जिससे आपको तनाव से राहत मिलेगी। आपको अपने साथी के साथ रोजाना कुछ समय बिताना चाहिए, या तो कुछ कक्षाओं में शामिल होकर या सुबह की सैर के लिए बाहर जाना चाहिए।

***वृश्चिक:*** गणेशजी कहते हैं कि शाम का समय बाहर घूमने, मिलने-जुलने और अपने प्रिय के साथ समय बिताने का है। आपकी अज्ञानता के परिणामस्वरूप आपके और आपके साथी के बीच गलतफहमी पैदा होगी।

***धनु:*** गणेशजी कहते हैं कि यह आपके प्रेम संबंधों के लिए एक यादगार दिन होगा क्योंकि आपका रिश्ता कुछ नई ऊंचाइयों तक पहुंचने की संभावना है। आपके पार्टनर का व्यवहार, स्नेह और ईमानदारी आपका दिल जीत लेगी।

***मकर:*** गणेशजी कहते हैं कि रोमांटिक और आनंदमय क्षण कार्ड पर हैं। लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशनशिप में रहने वाले लोगों को लंबे समय के बाद अपने प्यार से मुलाकात होगी। आपके और आपके पार्टनर के बीच मीठी-मीठी बातें और रोमांटिक बातें होंगी।

***कुंभ:*** गणेशजी कहते हैं कि आप अपने साथी और उनकी भावनात्मक जरूरतों को ठेस पहुचाएंगे क्योंकि आप अपने काम में व्यस्त रहेंगे। यह आपके प्रेमी पक्ष से एक विशेष प्रकार का अलगाव पैदा कर सकता है।

***मीन:*** गणेशजी कहते हैं कि आज आपको सबसे पहले अपने करियर पर ध्यान देने की जरूरत है और अपनी लव लाइफ को कुछ समय के लिए अलग रख दें। आप कार्य-जीवन में संतुलन बनाए रखने की भरपूर कोशिश करेंगे लेकिन आपके सभी प्रयास व्यर्थ जाएंगे।

# सावन में बनाएं लौकी के कुरकुरे पकोड़े




## सामग्री

- बेसन – 1 कटोरी
- लौकी कसी हुई – 2 कटोरी
- हरी मिर्च कटी – 2-3
- हरा धनिया कटा – 1 टेबलस्पून
- लहसुन पुत्थी कटी – 1
- अदरक कद्दूकस – 1 टी स्पून
- साबुत धनिया – 1 टी स्पून
- लाल मिर्च – 1/4 टी स्पून
- पुदीना – 4-5 पत्ते
- तेल – तलने के लिए
- नमक – स्वादानुसार

## विधि

लौकी पकोड़ा बनाने के लिए सबसे पहले नर्म लौकी का चुनाव करें. इसके बाद लौकी धोकर छिलनी की मदद से ऊपरी छिलका उतार दें. अब लौकी कौ कद्दूकस करते हुए एक बर्तन में निकाल लें. इसके बाद हरी मिर्च, हरा धनिया बारीक काटें और अदरक भी कस लें. फिर लौकी में लाल मिर्च पाउडर, साबुत धनिया बीज, हरी मिर्च हरा धनिया, पुदीना पत्ते, बेसन और स्वादानुसार नमक डालकर सभी चीजों को अच्छी तरह से मिक्स कर मिश्रण तैयार कर लें.

अब एक कड़ाही में तेल डालकर मीडियम आंच पर गर्म करें. जब तेल गर्म होकर उबलने लगे तो लौकी का मिश्रण थोड़ा-थोड़ा करते हुए खौलते तेल में पकोड़ियां बनाकर डालते जाएं. कड़ाही की क्षमता के मुताबिक लौकी के पकोड़े डालें और फिर उन्हें कुछ देर तक पलट पलटकर सेकें. लौकी के पकोड़े तब तक सेकें जब तक दोनों ओर से सुनहरे होकर क्रिस्पी न हो जाएं. इसी तरह सारे मिश्रण से पकोड़े तैयार करें. टेस्टी और हेल्दी लौकी के पकोड़े सर्व करने के लिए तैयार हैं. इन्हें हरी चटनी के साथ परोसें.

# शब्द सामर्थ्य- 135

**बाएं से दाएं :**
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरैया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**
1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 134 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | | सा | म | ना | | कै | दी |
| व | | ख | ल | ना | य | क | | वा |
| लं | प | ट | | ना | क | क | ट | ना |
| बी | | प | | | | ड़ी | | प |
| | अ | ट | प | टा | | | शा | न |
| स | ह | | यो | | | र | ति | |
| ह | म | | द | र | ब | द | र | |
| म | क | र | | सी | ल | | | |
| त | | क्षा | | द | वा | खा | ना | |

# सू-दोकू- 135

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.134 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |